इस्पात विकास निधि के लिए धनराशि

3931. **श्री अजीत जोगी :**
श्री रामजीलाल :

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा कएंगे कि :

(क) क्या गत वर्ष के दौरान भारतीय इस्पात प्राधिकरण द्वारा कुछ लाभ कमाए गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या इसने चालू वर्ष के दौरान इस्पात विकास निधि को पर्याप्त धन राशि मुहैया की है;

(ग) वर्ष 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान प्राधिकरण द्वारा इस्पात विकास निधि को प्रदत्त कुल राशि का पृथक – पृथक ब्योरा क्या है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान इस्पात के विकास हेतु इस्पात विकास निधि द्वारा व्यय की गई कुल धनराशि का वर्षवार ब्योरा क्या है; और

(ड) इस दिशा में उपरोक्त निधि द्वारा व्यय किए जाने के उपरान्त हुई उप्लब्धियों का ब्योरा क्या है?

इस्पात मंत्री तथा खान मंत्री (श्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य) :

(क)से (ग) वर्ष 1996-97 के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. के वित्तीय परिणामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तथापि, वित्तीय वर्ष 1995-96 के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. ने 1318.61 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया था। इस्पात विकास निधि (एस.डी.एफ.) लेवी 21/22 अप्रैल, 1994 से समाप्त कर दी गई थी । एस.डी.एफ. नियमों के अनुसार देय ऋण/ब्याज की वापसी विशिष्ट योजनाओं के लिए सामान्यतया नए ऋण के रूप में बदल दिया जाता है । तथापि पिछले तीन वर्षों के दौरान सेल ने निम्नलिखित का भुगतान/समायोजन किया:-

(करोड़ रूपए)

1994-95	16.13
1995-96	20.00
1996-97	30.47

(घ) और (ड) एस.डी.एफ. से ऋण प्रमुख उत्पादकों को उनकी आधुनिकीकरण और विस्तार योजनाओं के निधियन के लिए मंजूर किया जाता है । इसके अतिरिक्त कुछ अन्य प्रयोजनों जैसे अनुसंधान कार्यक्रमों के निधियन, लघु उद्योग निगमों (एस.एस.आई.सी.) को भुगतान में छूट देने और संयुक्त संयंत्र समिति (जे.पी.सी.) की आर्थिक अनुसंधान संस्थान (एन.आई.एस.एस.टी.) के खर्च को पूरा करने और देश के सर्वोत्तम एकीकृत इस्पात संयंत्र के संबंध में प्रधानमंत्री ट्रॉफी के लिए भी इस निधि का का प्रयोग किया जाता है । एस.डी.सी. से खर्च हुई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

(लाख रूपए)

वर्ष	एस.एस.आई .सी छूट	अध्ययन एवं सर्वेक्षण	ई.आर.यू.	एन.आई.आई.ए स.टी.	प्रधानमंत्री ट्रॉफी	योग
1994-95	890.60		106.07	245.63	100.00	1282.30
1995-96	2116.60	50.68	138.53	185.09	100.00	2590.90
1996-97	1495.00	4.10	93.97	10.00		16.3.07
(फरवरी, 97 तक अनुमानित)						

Demand and production of Steel

3932. DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) the demand and production of steel for the years 1993-94, 1994-95 and 1995-96;

(b) the average cost of production and sale per metric ton and the manner in which the cost of production is calculated; and

(c) the measures being undertaken to reduce cost of production?

THE MINISTER OF STEEL AND MINISTER OF MINES (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): (a) The domestic demand, as assessed from consumption data,